**जनपद – बहराईच एवं अयोध्या पर्यवेक्षण की रिपोर्ट**
**दिनांक 27–30 अगस्त 2024**

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के प्रतिनिधि डा0 कपिल जोशी के साथ दिनांक 27–30 अगस्त 2024 को जनपद बहराईच के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिसिया एवं पयागपुर तथा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बंगला चक तथा जनपद अयोध्या के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मसौधा एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर खुटेहना और कम्पोजिट विद्यालय सहादतगंज अयोध्या का दस्त रोको अभियान का पर्यवेक्षण किया गया।

पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों के सापेक्ष निम्न कार्यक्रमों/गतिविधियों में विशेष प्रयास कर सुधारात्मक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। भ्रमण रिपोर्ट निम्नवत है –

| अवलोकन के बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–रिसिया:–**<br>दस्त रोको अभियान (Stop Diarrhea) कार्यक्रम की कोई भी प्रचार–प्रसार सामग्री प्रदर्शित नहीं है और आशा को रिपोर्टिंग प्रपत्र उपलब्ध नही थे।<br>**दस्त रोको अभियान (Stop Diarrhea):–**<br>• ब्लाक स्तर पर सभी सी0एच0ओ0 और आशाओं एवं ए0एन0एम0 एल0एच0वी0 के साथ प्लानिगं मीटिंग आयोजित की गयी थी।<br>• जनपद स्तर से अभियान के दौरान उपयोग में लायी जाने वाली आई0ई0सी0 एवं अन्य प्रपत्र इकाई को उपलब्ध कराये गये थे।<br>• कार्यक्रम हेतु ओ0आर0एस0 के 35855 पैकेट एवं जिंक की 49587 टेबलेट की मात्रा उपलब्ध थी।<br>• आशाओं हेतु ए0एन0एम0 को 10000 ओ0आर0एस0 पैकेट एवं जिंक की 15000 टेबलेट का वितरण किया गया है।<br>• आशाओं द्वारा ई–कवच पोर्टल पर अभियान की रिपोर्टिंग की जा रही थी।<br>• होर्डिग एवं पोस्टर उपलब्ध था। | • जनपद स्तर से दस्त रोको अभियान (Stop Diarrhea) कार्यक्रम के दौरान उपयोग में लायी जाने वाली आई0ई0सी0 एवं अन्य प्रपत्र के मुद्रण कराकर शीघ्र इकाईयों को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।<br>• प्रचार–प्रसार सामग्री का प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाये।<br>• आशाओं द्वारा ई–कवच पोर्टल पर अभियान की रिपोर्टिंग भ्रमण के दौरान प्रतिदिन कराना सुनिश्चित करें। | चिकित्सा अधीक्षक /मुख्य चिकित्सा अधिकारी /डी0सी0पी0 एम0 |
| **आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बंगला चक:–**<br>• आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में ओ0पी0डी0 उच्च रक्तचाप एवं हिमोग्लोबिन की जॉच की जा रही थी।<br>• दस्त वाले बच्चे को ओ0आर0एस0 एवं जिंक की गालियों का वितरण किया जा रहा था। | • सभी की जॉच एवं दवाईयों प्रदान करने हेतु निदेर्शित किया गया।<br>• गम्भीर रूप से बीमार बच्चों को चिकित्सा इकाईयों को सन्दर्भित करने हेतु निदेर्शित किया गया। | समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी/ चिकित्सा अधीक्षक |
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मसोधा जनपद अयोध्या :–**<br>• ओ0आर0एस0 के 11000 पैकेट एवं जिंक 58000 टैबलेट सभी ए0एन0एम0 को अभियान हेतु वितरित किया गया है।<br>• जनपद स्तर से आशाओं एवं ए0एन0एम0 को भ्रमण के दौरान प्रपत्र भरने हेतु उपलब्ध कराये गये थे। | • सभी आशाओं को ई कवच पोर्टल पर वितरित किये गये ओ0आर0एस0 पैकेट की फीडिगं कराने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• सभी आशाओं का तत्काल लम्बित भुगतान कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम हेतु | एम0ओ0आई0सी0 / मुख्य चिकित्सा अधिकारी /बी0सी0पी0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| • ब्लाक पर अभियान के अन्तर्गत होर्डिंग लगी हुई थी।<br>• इकाई पर ओ0आर0एस0 बनाने हेतु प्रर्दशन किया जा रहा था।<br>• आशा एव ए0एन0एम0 द्वारा डायरिया से ग्रसित बच्चों की फीडिगं ई कवच पोर्टल पर की जा रही थी।<br>• बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम हेतु आशाओं को जनपद स्तर से फार्मेट मुद्रण कराकर ब्लाक को उपलब्ध नही कराये गये थे।<br>• बाल मृत्यु समीक्षा कार्यक्रम की आनलाइन रिपोर्टिंग नही की जा रही थी। | फार्मेट का मुद्रण कराकर सभी ब्लाक को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• अप्रशिक्षित स्टाफ बाल रोग विशेषज्ञ एवं स्टाफ नर्स को आगामी प्रशिक्षण में प्रशिक्षित कराने हेतु सुझाव दिया गया। | |

मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उपरोक्त बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु सुझाव दिये गये।

Rajiv

**राजीव कुमार दूबे**
कार्यक्रम समन्वयक, बाल स्वास्थ्य